# 28

# कथन एवं पूर्वधारणाएँ

*किसी भी विषय से सम्बन्धित दी गई किसी जानकारी को कथन (Statement) कहते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से परिकल्पित अवधारणा जो किसी 'कथन' में सन्निहित 'तथ्य' को दर्शाती है, उसे पूर्वधारणा (Assumption) कहा जाता है।*

इस अध्याय के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में एक कथन दिया गया होता है तथा इसके बाद दो या दो से अधिक पूर्वधारणाएँ दी गई होती हैं, आपको दिए गए कथन पर विचार करते हुए यह ज्ञात करना होता है कि दी गई पूर्वधारणाओं में कौन-सी पूर्वधारणा दिए गए कथन में अन्तर्निहित है।

**उदाहरणस्वरूप** यदि किसी अधिकारी द्वारा यह कहा जाता है कि 'घाटा पूर्ति के लिए करों को बढ़ाया जाए, तो इससे श्रोता द्वारा यह स्पष्ट अनुमान लगाया जा सकता है कि 'घाटा हुआ है' जबकि उस अधिकारी ने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि 'घाटा हुआ है', लेकिन घाटा पूर्ति के लिए करों का बढ़ाया जाना, घाटा होने का स्पष्ट संकेत है। अत: 'घाटा होना' श्रोता द्वारा अनुमानित एक पूर्वधारणा है।

*इस अध्याय से सम्बन्धित प्रश्नों को हल करने से पूर्व नीचे दिए गए नियमों को ध्यान में रखना आवश्यक है*

- कोई भी पूर्वधारणा कथन के आधार पर निकाला गया निष्कर्ष है, तो वह मान्य नहीं होगी।
- कोई भी पूर्वधारणा सुधार, परामर्श, सलाह, लाभदायक प्रभाव व परिणाम को प्रदर्शित करती है, तो ऐसी पूर्वधारणा मान्य होगी।
- किसी भी पूर्वधारणा में कथन से बाहर की बात नहीं होनी चाहिए अर्थात् पूर्वधारणा का निहितार्थ कथन के निहितार्थ के विपरीत नहीं होना चाहिए।
- पूर्वधारणा वाले वाक्य में प्रत्येक, सभी, क्या, क्यों, और, इसलिए आदि शब्द नहीं होने चाहिए।
- कुछ विशेष शब्द, जैसे—सम्भवत:, सकना, सामान्यत: आदि पूर्वधारणा वाले वाक्य में लगे हों, तो सामान्यत: वह मान्य होती है।
- यदि किसी पूर्वधारणा में भूत या भविष्य की बात कही गई है, तो सामान्यत: वह मान्य नहीं होती है।
- सरकारी निर्देशों को सामान्यत: आम जनता द्वारा माने जाने की आशा की जाती है इसलिए पूर्वधारणा के रूप में यह मान्य है।
- यदि कोई पूर्वधारणा विज्ञापन से सम्बन्धित हो, तो वह मान्य होगी।

**निर्देश** (उदाहरण सं. 1 और 2) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं, जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है, जिसे या तो मान लिया गया हो या वह ग्रहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

**उदाहरण 1. कथन** आजकल कई प्रवेश परीक्षाएँ 'ऑफलाइन' से 'ऑनलाइन' परीक्षाओं में धीरे-धीरे परिवर्तित हो रही हैं।

**पूर्वधारणाएँ**

I. ऑनलाइन प्रणाली अधिक कुशल है।
II. ऑनलाइन प्रणाली और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करती है।

**[UPPSC 2018]**

**हल** (a) ऑनलाइन प्रणाली में ज्यादा पारदर्शिता होती है तथा इसमें परीक्षा का आँकलन करना भी सरल होता है, परन्तु ऑनलाइन प्रणाली से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, यह पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित नहीं है।

**उदाहरण 2. कथन** नशीत ने अपनी वर्दी पहनी, अपनी बन्दूक को भर दिया और अपनी चालक संचालित आधिकारिक कार में काम के लिए निकल गया।

**पूर्वधारणाएँ**

I. नशीत सशस्त्र सेना में एक अधिकारी है।
II. नशीत जयपुर के राजभवन में तैनात एक सैन्य कमाण्डों है।

**[UPSSSC 2018]**

**हल** (a) चूँकि चालक संचालित आधिकारिक कार अधिकारियों को मिलती है। अत: पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है।

**निर्देश** (उदाहरण सं. 3 और 4) *दिए गए कथन पर विचार करें कि दी गई पूर्वधारणाओं में से कौन-सी/से कथन में अन्तर्निहित है/हैं?*

**उदाहरण 3. कथन** अपार्टमेन्ट एसोसिएशन द्वारा शुरू किया गया 'स्वच्छ भारत', अपने शहर को साफ रखें, अभियान को उसके निवासियों से ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई। **[RRB (ALP) 2018]**

**पूर्वधारणाएँ**

I. स्थानीय निवासी अपने अपार्टमेन्ट को साफ नहीं रखना चाहते।
II. एसोसिएशन अभियान में असफल रही।

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है
(d) I और II दोनों पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं

**हल** (b) दिए गए कथन से यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि एसोसिएशन अभियान में असफल रही है, परन्तु हम यह नहीं कह सकते कि स्थानीय निवासी अपने अपार्टमेन्ट को साफ नहीं रखना चा

**उदाहरण 4. कथन** रंजीत ने अपने मित्र सन्दीप से कहा "यह सरप्राइज गिफ्ट मेरे लिए बेहद खास है"।

**पूर्वधारणाएँ**

I. गिफ्ट उसकी पत्नी द्वारा दिया गया है।

II. सन्दीप और रंजीत मित्र हैं।

III. यह गिफ्ट रंजीत के लिए सरप्राइज था। **[RRB (Group D) 2018]**

(a) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

(b) केवल I अन्तर्निहित है

(c) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं

(d) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं

**हल** (d) केवल धारणा II और III दोनों कथन में अन्तर्निहित हैं। कथन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सन्दीप और रंजीत मित्र हैं तथा यह गिफ्ट रंजीत के लिए सरप्राइज था।

**उदाहरण 5.** एक रिटेल स्टोर, स्टोर में अधिक ग्राहकों को आकर्षित करके उच्च बिक्री का लक्ष्य रखा है। उन्होंने गतिविधियों और प्रचार पर अपने विपणन बजट को बढ़ा दिया है।

उपरोक्त कथन से पहचान करें कि नीचे दी गई धारणाओं में से कौन-सा अनुमान अन्तर्निहित है? **[UPSSSC 2018]**

(a) उच्च विपणन खर्च, कर्मचारियों की प्रेरणा और दक्षता को बढ़ावा देगा

(b) गतिविधियों और प्रचार से स्टोर में आने वालों की संख्या बढ़ेगी और अधिक ग्राहकों से तात्पर्य अधिक खरीदारी और अधिक व्यवसाय होगा

(c) उच्च विपणन व्यय से, विक्रेताओं के साथ वार्ता-शक्ति में सुधार और मार्जिन में वृद्धि होगी

(d) मार्केटिंग व्यय में वृद्धि से उत्पाद की उपलब्धता में सुधार होगा और स्टॉक न होने के कारण अवसर हानि में कमी आएगी

**हल** (b) यदि स्टोर गतिविधियों और प्रचार पर अपने बजट को बढ़ाता है, तो स्टोर में आने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ेगी और ग्राहकों की संख्या बढ़ने से अधिक खरीदारी और अधिक व्यवसाय होगा, जिससे स्टोर का उच्च बिक्री लक्ष्य पूरा हो सकेगा।

अतः दिए गए कथन में अनुमान (b) अन्तर्निहित है।

**उदाहरण 6. कथन** 'राज्य B सरकार ने अब निर्णय किया है कि वह सूचना एवं तकनीक के लिए विभाग बनाएगी, ताकि सूचना एवं तकनीकी का समन्वय और अपनाने में मदद हो'-एक समाचार।

यदि उपरोक्त कथन सत्य है, तो कथन कहते समय निम्नलिखित में से क्या पूर्वधारणा रही होगी?

(a) जनहित का कोई कदम उठाते समय राज्य B ढीला-ढाला माना जाता है

(b) अन्य राज्य सरकारों की तुलना में राज्य B ने सूचना एवं तकनीकी में बड़ी सफलता अर्जित कर ली है

(c) प्रत्येक राज्य को सूचना एवं तकनीकी कार्य को समन्वित और नियमित करने की आवश्यकता है

(d) राज्य B के पास इस प्रकार की गतिविधियों पर खर्च करने हेतु आवश्यक धन है

**हल** (c) दिए गए कथन से स्पष्ट है कि प्रत्येक राज्य को सूचना एवं तकनीकी कार्य को समन्वित व नियमित करने की आवश्यकता है, क्योंकि कथन में एक बात विभाग बनाने की कही गई है।

# प्रैक्टिस सेट

**निर्देश** (प्र. सं. 1-17) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ दी गई हैं, जिन्हें क्रमांक I और II से दिखाया गया है। आप दिए गए कथन और दी हुई पूर्वधारणाओं को ध्यान में लेकर उन दोनों पूर्वधारणाओं में से कौन-सी कथन में अन्तर्निहित है? इसका निर्णय कीजिए।*

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित हो

(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित हो

(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित हो

(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हों

**1. कथन** X ने Y से कहा, "मैं पुरुषों को सुन्दर बनाने वाली क्रीम के विज्ञापन के प्रभाव पर सर्वेक्षण करना चाहता हूँ।"

**पूर्वधारणाएँ**

I. पुरुषों को सुन्दर बनाने वाली क्रीम के विज्ञापन का प्रभाव सर्वेक्षण के माध्यम से पता लगाया जा सकता है।

II. X ऐसे सर्वेक्षण करने के लिए कौशल और क्षमता रखता है। **[RRB (Group D) 2018]**

**2. कथन** चेतावनी: शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**पूर्वधारणाएँ**

I. चेतावनी की आवश्यकता नहीं है।

II. शराब का सेवन ना करने वाले लोग स्वस्थ रहते हैं। **[RRB (ALP) 2018]**

**3. कथन** 'क्या होगा' से बेहतर है 'ओह'।

**पूर्वधारणाएँ**

I. समस्याओं को देखकर छोड़ने से पहले आपको प्रयास करना चाहिए।

II. यदि आप असफल होते हैं, तो भी आप सीखेंगे कि समस्या से कैसे निपटा नहीं जा सकता। **[UPSSSC 2018]**

**4. कथन** केवल मरी हुई मछलियाँ प्रवाह के साथ जाती हैं।

**पूर्वधारणाएँ**

I. मछलियाँ प्रवाह के साथ तैर नहीं सकतीं।

II. सोचने और निर्णय लेने की प्रत्येक व्यक्ति में योग्यता होनी चाहिए। **[UPSSSC 2018]**

**5. कथन** रोते हुए बच्चे माता-पिता का ध्यान अधिक आकर्षित कर पाते हैं।

**पूर्वधारणाएँ**

I. वे ठीक से संवाद करने में असमर्थ हैं।

II. माता-पिता अपने काम में उलझ गए हैं और बच्चों को खुद से खेलने के लिए छोड़ देते हैं। **[RRB (Group D) 2018]**

**6. कथन** यद्यपि भारत में चीनी फैक्ट्रियों की संख्या तीव्र गति से बढ़ रही है, लेकिन हम अभी भी दूसरे देशों से इसका आयात किए जा रहे हैं।

**पूर्वधारणाएँ**

I. हो सकता है फैक्ट्रियों की बढ़ी हुई संख्या भारत में चीनी की माँग को पूरा न करें।

II. चीनी की माँग में भविष्य में बहुत वृद्धि हो सकती है। **[SSC (CGL) 2012]**

**7. कथन** कपास के बीजों की उन्नत किस्म देने के बाद भी कपास की फसल अच्छी न होना जारी है।

**पूर्वधारणाएँ**

I. उन्नत किस्म के बीज देने के बाद कपास की उपज में बढ़ोतरी सम्भावित थी।

II. उन्नत किस्म के बीजों को देने से पहले कपास की उपज पर्याप्त थी।

8. कथन सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में विविध फीस लेने में एकरूपता होनी चाहिए।
पूर्वधारणाएँ
I. सरकारी सब्सिडी, लोगों से टैक्स द्वारा धन इकट्ठा करने से आती है।
II. सब्सिडी देने के समय सरकार ने फीस के बारे में एकरूपता रखने सम्बन्धी कुछ शर्तें लागू की होंगी।

9. कथन सभी ऐसे बेरोजगार भारतीय युवाओं को जो 18 वर्ष से ऊपर की आयु के हैं बेरोजगारी भत्ता दिया जाना चाहिए।
पूर्वधारणाएँ
I. भारत में ऐसे बेरोजगार युवा हैं जिन्हें आर्थिक सहायता की आवश्यकता है।
II. सरकार के पास सभी बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने हेतु पर्याप्त धनराशि है। [RPSC 2013]

10. कथन जब तक कि देश आर्थिक समानता को उपलब्ध नहीं करता, लोकतन्त्र और स्वतन्त्रता का कोई अर्थ नहीं है।
पूर्वधारणाएँ
I. लोकतन्त्र और आर्थिक समानता एकसाथ चलती हैं।
II. लोकतन्त्र और स्वतन्त्रता, आर्थिक समानता पर निर्भर नहीं हैं। [MPPSC 2016]

11. कथन वक्ता ने वर्तमान परीक्षा प्रणाली को एक ऐसी नई प्रणाली में बदलने पर जोर दिया, जिससे कि छात्रों की वास्तविक मानसिक क्षमता मापी जा सके।
पूर्वधारणाएँ
I. परीक्षाएँ हटा देनी चाहिए।
II. परीक्षा प्रणाली में पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। [MPPSC 2016]

12. कथन दो देशों ने एक नाजुक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं पर महत्त्वपूर्ण प्रभुत्त्व का मसला बिना हल हुए ही रह गया।
पूर्वधारणाएँ
I. दोनों देशों के बीच स्थायी शान्ति समझौता नहीं हो सकता है।
II. थोड़े समय के बाद दोनों देश फिर से आक्रामक हो जाएँगे।

13. कथन सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री राय ने अखिल भारतीय नाभिकीय अनुसन्धान संस्थान के निदेशक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। आशा है कि अब संस्थान के प्रशासन में सुधार होगा।
पूर्वधारणाएँ
I. श्री राय से पहले संस्थान में कोई निदेशक नहीं था।
II. निदेशक से यह उम्मीद की जाती है कि वह संस्थान का प्रशासन देखें।

14. कथन सरकार ने कमजोर वर्ग के छात्रों को कोचिंग देने की एक योजना आरम्भ की है ताकि वे अपना शैक्षिक स्तर सुधार सकें।
पूर्वधारणाएँ
I. समाज के कमजोर वर्ग के छात्र शैक्षिक दृष्टि से अच्छा कर सकें, इस हेतु कोचिंग कक्षाएँ उन्हें सहायता करेंगी।
II. समाज के कमजोर वर्ग के छात्र शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं।

15. कथन 'इस क्षेत्र में तुरन्त सेना तैनात की जानी चाहिए ताकि शान्ति और सामान्य स्थिति बहाल हो'—एक समाचार।
पूर्वधारणाएँ
I. ऐसे उद्देश्यों के लिए भी सेना की मदद ली जा सकती है।
II. केवल सेना ही शान्ति बहाल कर सकती है।

16. कथन शहर में हैजा के फैलने से रोकने का प्रयत्न करने के लिए चिकित्सा विभाग ने लोगों से केवल उबला हुआ पानी प्रयोग करने को कहा।
पूर्वधारणाएँ
I. शहर में प्रदान किए गए पानी की गुणवत्ता पर सन्देह है।
II. शहर में हैजा होने की कुछ सूचना मिली है। [MPPSC 2014]

17. कथन सम्मेलन में केवल अच्छे गायकों को ही निमन्त्रित किया गया है। मधुर आवाज के बिना कोई भी अच्छा गायक नहीं है।
पूर्वधारणाएँ
I. सम्मेलन में आमन्त्रित सभी गायकों की आवाज मधुर हैं।
II. वह गायक, जिनकी आवाज मधुर नहीं है, उनको सम्मेलन में आमन्त्रित नहीं किया गया है। [SSC (CGL) 2016]

**निर्देश** (प्र. सं. 18-22) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आपको दिए गए पूर्वधारणाओं पर विचार करके तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में प्रभावशाली है/हैं? दिए गए विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए।* [MPPSC 2018]

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है
(b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है
(c) पूर्वधारणा I और II प्रभावशाली हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

18. कथन आजकल नदियों का संरक्षण बहुत महत्त्वपूर्ण है।
पूर्वधारणाएँ
I. यह जल संकट को कम करेगा।
II. यह हमारे पारिस्थितिक जीवन-तन्त्र की रक्षा करेगा।

19. कथन बहुत-सी सरकारी सेवाओं को अब सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अन्तर्गत लाया गया है।
पूर्वधारणाएँ
I. इससे और अधिक पारदर्शिता आएगी।
II. इससे और अधिक जवाबदेही आएगी।

20. कथन सभी नागरिकों को निचले न्यायालय के निर्णयों को उच्च न्यायालय में चुनौती देने का अधिकार है।
पूर्वधारणाएँ
I. निचले न्यायालय कुशल नहीं हैं, जबकि उच्च न्यायालय बेहतर हैं।
II. निर्णय में त्रुटि की सम्भावना हो सकती है।

21. कथन बहुत-से देशों में संसदीय लोकतन्त्र काम करता है।
पूर्वधारणाएँ
I. यह जनता की समग्र राय का प्रतिनिधित्व करता है।
II. यह हमेशा लोगों की आकाँक्षाओं को परिपूर्ण करता है।

22. कथन लगभग सभी नियुक्तियों में पहले के एक अथवा दो वर्ष परिवीक्षा के होते हैं और नौकरी का स्थायीकरण परिवीक्षा की अवधि के बाद होता है।
पूर्वधारणाएँ
I. नियोक्ता को कर्मचारी के बारे में ज्यादा पता नहीं होता।
II. नियोक्ता परिवीक्षा अवधि के दौरान अधिक काम करवाना चाहता है।

**निर्देश** (प्र. सं. 23-27) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे तीन पूर्वधारणाएँ दी गई हैं, जिन्हें क्रमश: I, II और III से दिखाया गया है। आप दिए गए कथन और दी गई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखकर, उन तीनों पूर्वधारणाओं में से कौन-सी कथन में अन्तर्निहित है, ज्ञात कीजिए।*

23. कथन परिधान कम्पनी के प्रबन्धक ने घोषणा की, "हम अपनी कम्पनी का विस्तार करने जा रहे हैं, इसलिए हमें अधिक दर्जियों की नियुक्ति करना जरूरी है।"
पूर्वधारणाएँ
I. मौजूदा दर्जी आधुनिक डिजाइन नहीं बना पा रहे हैं।
II. विस्तार करने के बाद अधिक बिक्री होगी।
III. विस्तार करने से पहले अधिक उत्पादन करने की आवश्यकता है।
[RRB (Group D) 2018]
(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) III और I दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं

**24.** **कथन** खेल खेलना शुरू करने से पहले निर्देश पढ़ें।

**पूर्वधारणाएँ**

I. खेल आयोजित किया जा रहा है।
II. कोई भी अन्धा व्यक्ति खेल नहीं रहा है।
III. खिलाड़ी साक्षर हैं। **[RRB (Group D) 2018]**

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) सभी अन्तर्निहित हैं
(c) कोई भी अन्तर्निहित नहीं है
(d) I और III अन्तर्निहित हैं

**25.** **कथन** घाटे की पूर्ति हेतु टैक्स बढ़ाए जाएँ।

**पूर्वधारणाएँ**

I. वर्तमान में कर बहुत कम है।
II. बजट में घाटा वांछनीय नहीं है।
III. बिना कर बढ़ाए हुए घाटा पूरा नहीं किया जा सकता। **[UKPSC 2014]**

(a) I तथा II
(b) I तथा III
(c) केवल III
(d) II तथा III

**26.** **कथन** बगैर भारी मूल्य अदा किए उच्च ग्रुपों में विचार कीजिए-हमारे साथ एक शानदार फ्लैट बुक कराइए, अपनी प्रतिष्ठित परियोजना के लिए एक भवन निर्माण कम्पनी का यह एक विज्ञापन है।

**पूर्वधारणाएँ**

I. कठिन परिश्रम द्वारा चुने हुए धनी लोगों के समूह में सम्मिलित होना सम्भव है।
II. बगैर भारी मूल्य अदा किए शान में रहना समाज में उच्च लोगों की कसौटी है।
III. अब शानदार फ्लैट बुक कराना बड़ा सरल हो गया है।

(a) केवल II अन्तर्निहित है
(b) केवल III अन्तर्निहित है
(c) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**27.** **कथन** इस राज्य की कतिपय श्रम एवं औद्योगिक अदालतों में कोई समुचित स्थान नहीं है। न्यायाधीशों एवं आशुलिपिकों के पद रिक्त पड़े हुए हैं। 'X' राज्य के सेवानिवृत्त न्यायाधीश का कथन।

**पूर्वधारणाएँ**

I. कर्मचारियों एवं न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या औद्योगिक एवं श्रम न्यायालय का कार्य सुचारु रूप से चलने में सहायक होती है।
II. राज्य को श्रम एवं औद्योगिक न्यायालय की दशा के बारे में कोई परवाह नहीं है।
III. किसी कार्यालय की भौतिक सुविधाएँ ही उसके कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि करने में सहायक होती हैं।

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और III अन्तर्निहित हैं
(d) सभी अन्तर्निहित हैं

**निर्देश** (प्र. सं. 28) *दिए गए प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आप दिए गए कथन और दी गई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए, उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित है/हैं?* **[SBI (PO) 2018]**

**28.** **कथन** "सावधान! पुन:निर्मित रंगीन प्लास्टिक के थैलों में हानिकारक वर्णक होते हैं, जो भोजन के कणों के सम्पर्क में आने से यह भोजन के सेवन को अयोग्य बना देता है, जिससे फूड पोइजन, एलर्जी और कई बार गम्भीर स्थिति में मृत्यु भी हो जाती है। एक वैज्ञानिक"।

**पूर्वधारणाएँ**

I. गैर-डिस्पोजेबल प्रकृति प्लास्टिक की थैलियों को पर्यावरण के लिए खतरा बनाती है।
II. पुन:निर्मित रंगीन प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग खतरनाक है और इसका मानव जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

(a) केवल I
(b) दोनों I और II
(c) केवल II
(d) या तो I या II
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**29.** **कथन** नवीनतम शोध के अनुसार, "कुछ लोग रंग के आधार पर नस्लवादी आस्थाओं को खुले तौर पर स्वीकार करते हैं, लेकिन कई मनोवैज्ञानिक दावा करते हैं कि हममें से अधिकाँश: अनजाने में नस्लवादी हैं। हमारे अन्दर वे विचार हैं, जिन्हें "अन्तर्निहित पूर्वाग्रह" कहा जाता है।
उपरोक्त कथन में दी गई जानकारी के आधार पर, निम्न में से कौन-सा शब्द "अन्तर्निहित पूर्वाग्रह" को सटीक रूप से परिभाषित करता है? **[SBI (PO) 2018]**

I. काले लोगों की तुलना में सफेद लोगों को मामूली सी ऑटोमेटिक वरीयता।
II. काले लोगों की तुलना में सफेद लोगों की वरीयता।
III. रंग के आधार पर किसी विशेष समुदाय के खिलाफ भेदभाव करना।

(a) केवल I
(b) दोनों II और III
(c) केवल II
(d) केवल III
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**30.** मैं उन दुकानों पर खरीदारी करना पसन्द करता हूँ जिनमें अधिक ऑफर और छूट मिलती है, इसलिए मैं जीमार्ट पर अधिक और बिल्स बाजार में कम खरीदारी करना चुनता हूँ। उपरोक्त कथन से पहचान करें कि नीचे दी गई धारणाओं में से कौन-सा अनुमान अन्तर्निहित है? **[UPSSSC 2018]**

(a) जीमार्ट और बिल्स बाजार दोनों में अधिक ऑफर और छूट दी जाती है
(b) बिल्स बाजार में कोई ऑफर और छूट नहीं है
(c) जीमार्ट में बिल्स बाजार की तुलना में अधिक ऑफर और छूट है
(d) बिल्स बाजार में, जीमार्ट की तुलना में अधिक ऑफर और छूट है

**31.** मधुमेह होने के कारण, डॉक्टर ने मुझे कम चीनी का उपभोग करने की सलाह दी है। इसलिए मैं कम आइसक्रीम खा रहा हूँ। उपरोक्त कथन से पहचान करें कि नीचे दी गई धारणाओं में से कौन-सा अनुमान अन्तर्निहित है? **[UPSSSC 2018]**

(a) आइसक्रीम में कम चीनी होती है और आइसक्रीम खाने से मधुमेह के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है
(b) आइसक्रीम खाने से शरीर में चीनी का स्तर कम हो जाता है, जो मधुमेह को बढ़ाता है
(c) आइसक्रीम में चीनी होती है, इसलिए कम आइसक्रीम उपभोग करने से चीनी का सेवन कम हो जाता है
(d) आइसक्रीम, मधुमेह के लिए एक निवारक उपाय है, इसलिए कम मात्रा में आइसक्रीम का उपभोग करना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है

**32.** दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि दिए गए अनुमानों में से कौन कथन में अन्तर्निहित है?

**कथन** सेमीफाइनल क्रिकेट मैच में दोनों सलामी बल्लेबाजों को जल्दी खो देने पर, मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर रन बनाने का भारी दबाव था। **[UPSSSC 2016]**

(a) दोनों सलामी बल्लेबाजों में से कोई भी खेलने नहीं आया
(b) नियमों के अनुसार, सेमीफाइनल मैच में सलामी बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए मध्य क्रम के बल्लेबाजों को मौका देना पड़ेगा
(c) सलामी बल्लेबाज रन बनाने के लिए बिल्कुल भी दबाव में नहीं थे, इसलिए जल्दी आउट हो गए
(d) विपक्षी, सलामी बल्लेबाजों को जल्दी आउट करने में सफल रहे

**33.** निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर निम्न प्रश्न का उत्तर दीजिए।

'आने वाला मौसम मेरे लिए एक असम्भव कार्य प्रतीत होता है। मै खींचकर केवल 5 किमी तक दौड़ सकता हूँ। यदि मै इसे दोगुना भी कर दूँ तो मै मैराथन के आधे तक नहीं पहुँच पाँऊगा', 'रोहन'।

रोहन के कथन से निम्न में कौन-सी पूर्वधारण ग्रहित की जा सकती है? **[Indian Bank (PO) 2016]**

(a) कोई भी धावक जो मैराथन पूर्ण कर सकता है, निश्चित रूप से आरम्भ में 5 किमी रोहन से ज्यादा तेजी से दौड़ सकता है
(b) यदि रोहन अपनी क्षमता में चार गुने से दौड़े, तो वह मैराथन को पूर्ण कर लेगा
(c) यदि दौड़ पूरी करने का विशेष समय 1 घण्टा न हो, तो रोहन इसे 2 घण्टे में पूरा कर सकता था
(d) आने वाले मैराथन में निश्चित रूप से दूरी 20 किमी से ज्यादा है
(e) यदि रोहन 5 किमी ज्यादा दौड़े तो वह निश्चित रूप से मैराथन की विशेष दूरी के आधे तक पहुँच जाएगा

**34.** ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा में मुझे इसकी सबसे अच्छी बात यह लगती है कि इसके द्वारा आप किसी भी समय खरीदारी कर सकते हैं अपितु ऐसी कौन-सी जगह है, जहाँ आप आधी रात को नाइट सूट पहन कर खरीदारी कर सकते हैं। इसके लिए आपको न तो कतार में इन्तजार करना होता है और न ही खरीदारी में आपकी मदद करने के लिए शॉप एसिस्टेण्ट के तैयार होने तक उसका इन्तजार। यह रिटेल स्टोर में जाने की तुलना में एक बहुत बेहतर अनुभव है।

*—एक उपभोक्ता का मत*

दी गई जानकारी से निम्न में से क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

(अनुमान वह होता है, जिसे प्रत्यक्षतः कहा नहीं गया हो, लेकिन जिसका दिए गए तथ्यों से अनुमान लगाया जा सकता हो) **[SBI (PO) 2013]**

(a) ऑनलाइन शॉपिंग केवल रात को ही, की जा सकती है
(b) जिन्हें कम्प्यूटर इस्तेमाल करने में सुविधा नहीं होती, वे ऑनलाइन शॉपिंग के अनुभव का आनन्द कभी नहीं उठा सकते
(c) सभी रिटेल स्टोर प्रत्येक ग्राहक को शॉपिंग एसिस्टेण्ट उपलब्ध कराते हैं
(d) जिस उपभोक्ता का मत प्रस्तुत किया गया है, उसने रिटेल स्टोर और ऑनलाइन दोनों जगह खरीदारी की है
(e) जिस उपभोक्ता का मत प्रस्तुत किया गया है, उसके पड़ोस में कोई रिटेल स्टोर नहीं है

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (c) | 3. (d) | 4. (b) | 5. (d) | 6. (a) | 7. (a) | 8. (c) | 9. (a) | 10. (a) |
| 11. (c) | 12. (c) | 13. (b) | 14. (d) | 15. (c) | 16. (d) | 17. (d) | 18. (c) | 19. (c) | 20. (b) |
| 21. (a) | 22. (a) | 23. (d) | 24. (b) | 25. (a) | 26. (c) | 27. (d) | 28. (c) | 29. (a) | 30. (c) |
| 31. (c) | 32. (d) | 33. (d) | 34. (d) | | | | | | |

# संकेत एवं हल

**1.** (*d*) कथनानुसार, X पुरुषों को सुन्दर बनाने वाली क्रीम के विज्ञापन के प्रभाव पर सर्वेक्षण करना चाहता है। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि दोनों ही पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं।

**2.** (*c*) कथन के रूप में चेतावनी दी गई है कि शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे यह अनुमान नहीं निकलता है कि चेतावनी की आवश्यकता नहीं है साथ ही यह अनुमान भी नहीं लगता है कि शराब का सेवन ना करने वाले लोग स्वस्थ रहते हैं।

**3.** (*d*) दोनों धारणाएँ हार न मानने व निरन्तर प्रयासशील रहने पर जोर देती हैं।

**4.** (*b*) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि यहाँ पर मछली से प्रयायः सामान्य मानव से है। वही मानव भीड़ के साथ जाता है, जिसके पास सोचने व समझने की शक्ति नहीं होती। अतः व्यक्ति को सोच-समझकर निर्णय लेना चाहिए।

**5.** (*d*) कथनानुसार, रोते हुए बच्चे माता-पिता का ध्यान अधिक आकर्षित कर पाते हैं, इससे यह पूर्वानुमान लगाया जा सकता है कि बच्चे अच्छी तरह से संवाद करने में असमर्थ हैं। साथ ही यह भी पूर्वानुमान लगाया जा सकता है कि माता-पिता अपने कामों में उलझ जाते हैं और बच्चों को स्वयं ही खेलने के लिए छोड़ देते हैं। इससे स्पष्ट है कि दोनों पूर्वानुमान कथन में निहित हैं।

**6.** (*a*) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है, क्योंकि फैक्ट्रियों की बढ़ी हुई संख्या भारत में चीनी की माँग को पूरा करने में शायद समर्थ न हो।

**7.** (*a*) उन्नत बीजों को देने से पहले कपास की उपज पर्याप्त नहीं थी इसलिए उन्नत किस्म के बीजों को दिया गया था। अतः पूर्वधारणा II बिल्कुल ही असंगत है, लेकिन यह बिल्कुल स्पष्ट है कि उन्नत किस्म के बीज देने के बाद कपास की उपज में बढ़ोतरी सम्भावित थी।
अतः पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है।

**8.** (*c*) चूँकि दोनों में से कोई भी पूर्वधारणा कथन से सम्बन्धित नहीं है, न ही कथन में कोई टैक्स की चर्चा है और न ही किन्हीं शर्तों की। अतः न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित होगी।

**9.** (*a*) कथन में कहा गया है कि 18 वर्ष से ऊपर के बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना चाहिए, क्योंकि उन्हें आर्थिक सहायता की आवश्यकता है अर्थात् उनकी पूर्वधारणा यही रही होगी कि उन्हें आर्थिक सहायता की आवश्यकता है इसीलिए उन्हें भत्ता देना चाहिए। अतः पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, जबकि पूर्वधारणा II में 'सभी' शब्द का प्रयोग किया गया है इसलिए यह कथन में अन्तर्निहित नहीं होगा।

**10.** (*a*) समाज में स्वतन्त्रता तथा आर्थिक समानता बनाए रखने के लिए लोकतन्त्र का निर्माण किया गया है। अतः पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, जबकि पूर्वधारणा II असंगत है।

**11.** (*c*) परीक्षाएँ हटा देने से मानसिक क्षमता मापी जा सकती है या नहीं यह स्पष्ट नहीं है। साथ ही परीक्षा प्रणाली में पुनर्निर्माण भी यह स्पष्ट नहीं करता कि इससे छात्रों की वास्तविक मानसिक क्षमता मापी जा सकती है। अतः कोई भी पूर्वधारणा प्रभावशाली नहीं है।

**12.** (*c*) दोनों ही पूर्वधारणाएँ असंगत हैं। किसी भी पूर्वधारणा का कथन से कोई सम्बन्ध नहीं है।

**13.** (*b*) श्री राय को इसलिए निदेशक बनाया गया है कि वे संस्थान का प्रशासन देखें। अतः पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, जबकि पूर्वधारणा I असंगत है, क्योंकि यह कभी नहीं कहा जा सकता कि श्री राय से पहले संस्थान बिना निदेशक के चल रहा था।

**14.** (*d*) समाज के कमजोर वर्ग के छात्र अर्थाभाव के कारण कोचिंग से वंचित रहे हैं, जिसके फलस्वरूप वे शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं, लेकिन यदि सरकार उन्हें कोचिंग की सुविधा दे, तो निश्चित ही कोचिंग कक्षाएँ उन्हें सहायता करेंगी और वे अपना शैक्षिक स्तर सुधार सकेंगे।
अतः पूर्वधारणाएँ I और II दोनों कथन में अन्तर्निहित हैं।

**15.** (*c*) चूँकि पूर्वधारणा I कथन द्वारा निकलने वाला निष्कर्ष है तथा पूर्वधारणा II में यह लिखा है कि केवल सेना ही शान्ति बहाल कर सकती है, जबकि दूसरे भी कई उपाय हो सकते हैं। अतः न तो पूर्वधारणा I और न ही II कथन में अन्तर्निहित है।

**16.** (*d*) शहर में प्रदान किए गए पानी की गुणवत्ता पर सन्देह है तथा पानी को उबालकर पीने से उसमें कीटाणु नष्ट हो जाते हैं तथा शहर में हैजा होने की कुछ सूचना मिली है। अतः दोनों पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं।

**17.** (*d*) सम्मेलन में केवल मधुर आवाज के गायकों को ही निमन्त्रण दिया गया था। मधुर आवाज के बिना कोई भी गायक अच्छा गाना नहीं गा सकता। इस कारण पूर्णधारणा I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं।

**18.** (*c*) पूर्वधारणा I और II दोनों प्रभावशाली हैं, क्योंकि नदियों के संरक्षण से जल संकट तो स्वाभाविक रूप से कम होगा ही तथा जल के संरक्षण से जीवन तन्त्र की रक्षा भी होगी।

**19.** (*c*) पूर्वधारणा I और II दोनों प्रभावशाली हैं, क्योंकि सूचना के अधिकार अधिनियम के कारण पारदर्शिता तो आती ही है और साथ ही सरकारी विभागों की जवाबदेही भी निश्चित होती है।

**20.** (*b*) देश में उच्च न्यायालय होने का अर्थ यह नहीं कि निचले न्यायालय कुशल नहीं हैं, परन्तु यह जरूर सम्भव है कि निर्णय में त्रुटि हो सकती है, यदि निचले न्यायालय के न्याय से नागरिक सन्तुष्ट न हो, तो वह उच्च न्यायालय में जा सकता है।

**21.** (*a*) संसदीय लोकतन्त्र समग्र राय का प्रतिनिधित्व करता है। विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्या संसद में रख सकते हैं तथा उचित-से-उचित कानून भी बनाने के प्रयास कर सकते हैं।

**22.** (*a*) परिवीक्षा अवधि का उद्देश्य अधिक काम करवाना नहीं होता नियोक्ता को इससे यह ज्ञात होता है कि कर्मचारी काम की कितनी समझ रखता है, व कार्यस्थल पर उसका व्यवहार कैसा है। परिवीक्षा अवधि एक प्रकार से नियोक्ता को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी होती है।

**23.** (*d*) कथनानुसार, कम्पनी के प्रबन्धक ने घोषणा की है कि हम अपनी कम्पनी का विस्तार करने जा रहे हैं, इसलिए हमें अधिक दर्जियों की नियुक्ति करना जरूरी है। अतः धारणा II और III कथन में अन्तर्निहित हैं, जबकि धारणा I कथन में अन्तर्निहित नहीं है।

**24.** (*b*) दिए गए कथन से स्पष्ट है कि खेल आयोजित किया जा रहा है तथा निर्देश पढ़ने के लिए कहा गया है अर्थात् खिलाड़ी साक्षर है और कोई भी खिलाड़ी अन्धा नहीं है।

**25.** (*a*) पूर्वधारणाएँ I व II दोनों ही कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि बजट में घाटा वांछनीय नहीं होगा,इसलिए आपूर्ति की जा रही है। चूँकि कर बढ़ाने की बात की जा रही है, तो ऐसा तभी किया जा सकता है जब पहले कर कम हो। पूर्वधारणा III इसलिए सही नहीं है, क्योंकि घाटा पूरा करने के और साधन हो सकते हैं, यह एकमात्र साधन नहीं है।

**26.** (*c*) दिए गए कथन से स्पष्ट है कि बगैर भारी मूल्य अदा किए शान में रहना समाज में उच्च लोगों की कसौटी है तथा अब शानदार फ्लैट बुक कराना बड़ा सरल हो गया है। विज्ञापन देने वाले को लोगों की पसन्द पता होती है और इसी का लाभ उठाकर वह लोगों को प्रलोभन देता है, जिससे लोगों को भी फायदा होता है। अतः पूर्वधारणाएँ II व III दोनों ही मान्य होंगी।

**27.** (*d*) तीनों पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं, क्योंकि कथन में कोई भी समुचित स्थान नहीं है और सभी पद रिक्त पड़े हुए हैं।

**28.** (*c*) पूर्वधारणा I गैर डिस्पोजेबल प्रकृति प्लास्टिक की थैलियों को पर्यावरण के लिए खतरा बनाती है। दिए गए कथन से सम्बन्धित नहीं है। जबकि पूर्वधारणा II दिए कथन से सम्बन्धित है। पुर्नःनिर्मित रंगीन प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग खतरनाक है क्योंकि इनमें हानिकारक तत्त्व होते हैं, जो भोजन के कणों के सम्पर्क में आने से भोजन को अयोग्य बनाते हैं, जिससे फूड पोइजन और कई बार गम्भीर स्थिति में मृत्यु भी हो जाती है।

**29.** (*a*) दिए गए कथन के आधार पर शब्द "अन्तर्निहित पूर्वाग्रह" का सही अर्थ है। काले लोगों की तुलना में सफेद लोगों को मामूली सी ऑटोमेटिक वरीयता।

**30.** (*c*) चूँकि व्यक्ति उन दुकानों पर खरीदारी करना ज्यादा पसन्द करता है जिनमें अधिक ऑफर और छूट मिलती हैं। व्यक्ति जीमार्ट पर अधिक और बिल्स पर कम खरीदारी करता है। इसका मतलब है जीमार्ट पर बिल्स की तुलना में अधिक ऑफर और छूट है। अतः विकल्प (c) सही है।

**31.** (*c*) डॉक्टर की सलाह के अनुसार व्यक्ति को चीनी का उपभोग कम करना चाहिए। आइसक्रीम में चीनी होती है, इसलिए व्यक्ति को आइसक्रीम का उपभोग करने से चीनी का सेवन कम हो जाएगा।
अतः विकल्प (c) सही है।

**32.** (*d*) सेमीफाइनल मैच में अत्यधिक दबाव होने के कारण विपक्षी टीम सलामी बल्लेबाज को जल्दी आउट करने में सफल रहे। इस कारण मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर रन बनाने का दबाव अत्यधिक था।

**33.** (*d*) इस कथन में स्पष्ट रूप से दिया गया है कि रोहन खींचकर केवल 5 किमी दौड़ सकता है तथा यदि इसे दोगुना भी कर दें तो भी वह आधी दूरी भी तय नही कर पाएगा। इसमें यह स्पष्ट होता है कि आने वाले मैराथन में विशेष दूरी निश्चित ही 20 किमी से ज्यादा है।

**34.** (*d*) दिए गए कथन से अनुमान लगाया जा सकता है कि जिस उपभोक्ता का मत प्रस्तुत किया गया है, उसने रिटेल स्टोर और ऑनलाइन दोनों जगह खरीदारी की है।